दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 168 मुरादाबाद 13 October 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## सीएम योगी ने बलरामपुर के गांव में लैंड करवाया हेलीकाफ्टर, कहा-बाढ़ से बर्बाद फसल का देंगे मुआवजा





बलरामपुर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वे कर बाढ़ का जायज़ा लिया। उतरौला रोड पर मझौवा गांव के पास हेलीकाप्टर उतारकर बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री किट वितरित किया। सीएम ने प्रभावितों को किट देने से पहले संबोधन में कहा कि अक्टूबर में बाढ़ कभी नहीं आई। इस बार विजयदशमी के बाद बाढ़ और अधिक बारिश से ज़िले को प्रभावित किया है।

### बाढ़ में फंसे लोगों को दी जा रही है राहत

सीएम ने कहा, किसानों की फसलों के नुक़सान का आकलन कराया जा रहा है। सर्वे का निर्देश दिया है। मंत्री समूहों को ज़िलों में भेजा जा रहा है। बाढ़ प्रभावित ज़िलों का स्वयं दौरा कर रहे हैं। कहा कि हर तरह के नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिया जाएगा। बाढ़ में फंसे लोगों तक राहत सामग्री, लंच पैकेट व शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाए। संक्रामक रोगों को रोकने के लिए मेडिकल किट बांटी जाए।

### दैवीय आपदा से भारी नुकसान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अक्तूबर माह में अचानक आई दैवीय आपदा ने भारी नुकसान पहुंचाया है। जिले के करीब 300 से अधिक गांवों की साढ़े तीन लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। इनको सभी तरह की राहत सामग्री तत्काल पहुंचाई जाए। जनहानि होने पर पीड़ित परिजनों को चार लाख का मुआवजा दिया जाए। सांप-बिच्छू तथा जंगली जानवर के काटने पर लोगों को सरकारी सहायता दी जाए। कुत्ता व बंदर काटने वालों को तत्काल एआरबी लगाई जाए। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न की जाए। बाढ़ में फंसे लोगों तक राहत सामग्री, लंच पैकेट व शुद्ध पेयजल युद्ध स्तर पर पहुंचाया जाए।

### छोटे बच्चों को पुचकारा

उन्होंने मौके पर मौजूद 200 बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। पंडाल में पीछे तक जाकर उन्होंने छोटे बच्चों को पुचकारा। ब?च्ची को बुलाकर उससे पूछा कि स्कूल जाती हो कि नहीं, बच्ची ने बताया कि वह स्कूल नहीं जाती। इस बात पर उन्होंने मां से कहा कि बच्ची को स्कूल जरूर भेजें। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ आपदा में जनहानि होने के साथ-साथ यदि पशु हानि होती है तो पीड़ित पशुपालक को यथोचित मुआवजा दें।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह, अजय सिंह पिंकू, चंद्रप्रकाश सिंह गुड्डू, डीपी सिंह, बृजेंद्र तिवारी समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम के बाद देवीपाटन मंडल गोंडा के आयुक्त एमपी अग्रवाल, डीआइजी यूके अग्रवाल, बलरामपुर के डीएम डॉ. महेंद्र कुमार तथा एसपी राजेश सक्सेना को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य तेज करने का निर्देश भी दिया।

## मुलायम के घर पहुंचकर नम हुईं नीतीश कुमार की आंखें, अखिलेश यादव ने सहारा देकर संभाला



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी गुरुवार को समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने सैफई पहुंचे। यहां मुलायम की तस्वीर के सामने आते ही उनकी आंखें नम हो गईं। करीब बीस मिनट तक कोठी में नीतीश रुके और अखिलेश यादव के साथ जमीन पर ही बैठकर बातें करते रहे। जाते-जाते भी मुलायम की तस्वीर के सामने हाथ जोड़कर रुक गए। इसी दौरान उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। रुमाल से अपनी आंखें पोंछते हुए आगे बढ़े तो अखिलेश ने उन्हें सहारा दिया और गाड़ी तक पहुंचाया। मुलायम के निधन पर नीतीश कुमार ने भी बिहार में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। बुधवार को नागालैंड के दौरे के कारण नीतीश अंतिम संस्कार के दौरान नहीं पहुंच सके थे। हालांकि बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी सुबह से अंतिम संस्कार की समाप्ति तक सैफई में ही रहे थे। मुलायम को श्रद्धांजलि देने नीतीश कुमार बुधवार दोपहर करीब 2.15 पर पहुंचे। उनका चार्टर प्लेन हवाई पट्टी पर उतरा और वह से भारी सुरक्षा के बीच सीधे मुलायम सिंह यादव की कोठी पहुंचे। कोठी के उसी कमरे में उन्होंने मुलायम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जहां उनका पार्थिव शरीर रखा गया था। वहां मौजूद अखिलेश यादव को गले लगाया और ढांढस बंधाने के बाद जमीन पर उनके साथ बैठ गए। इस दौरान नीतीश के साथ जेडीयू नेता केसी त्यागी भी थे। कोठी पर पहले से प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव समेत कुबने के तमाम नेता मौजूद रहे। नीतीश करीब 20 मिनट कोठी पर रुके और श्रद्धांजलि देकर अखिलेश के पास 12 मिनट बैठे। फिर सभी का अभिवादन करके जाते समय मुलायम के चित्र के सामने हाथ जोड़कर कुछ देर खड़े हो गए। इस दौरान उनकी आंखों से आंसू छलक बड़े तो रुमाल से आंखें पोंछा। उनसे कुछ दूर खड़े अखिलेश ने उन्हें हाथों से सहारा देते हुए संभाला और बाहर तक पहुंचाया।

## बॉडी के किए 56 टुकड़े, कुछ को पकाकर खाया, केरल के बलि वाले मामले में हुए सनसनीखेज खुलासे

केरल में काले जादू की वजह से मानव बलि देने का मामला सामने आने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में कई सनसनीखेज खुलासे किए। पुलिस ने बताया कि एक शव के कुल 56 टुकड़े किए गए थे। कोच्चि के कमिश्नर सीएच नागराजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुख्य आरोपी शफी का आपराधिक अतीत रहा है और उसने दंपति - भगवल सिंह और उसकी पत्नी लैला को फंसाया, जिन्होंने पैसों के लिए ये बलि दी। शफी को मनोरोगी बताते हुए कमिश्नर ने कहा कि इस बात की जांच की जाएगी कि उसने दंपत्ति को कैसे मना लिया। दूसरी ओर पुलिस ने आगे बताया कि दंपति का कोई आपराधिक अतीत नहीं है।

### क्रूर तरीके से हुई पीड़ितों की हत्या

आयुक्त ने बताया कि पीड़ितों को क्रूर तरीके से मारा गया। शरीर के अंगों को भगवल सिंह के घर के परिसर के विभिन्न हिस्सों में दफनाया गया था। पीड़ितों के निजी अंगों में भी चोट लगी थी। साथ ही, शफी ने पीड़ितों को प्रताड़ित करने में आनंद भी लिया। आरोपियों में से एक लैला ने कबूल किया है कि उन्होंने ( उन तीनों ने ) पीड़ितों के शरीर के एक हिस्से को पकाकर भी खाया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शफी ने कपल का किया ब्रेनवॉश

यह सनसनीखेज घटना मंगलवार को सामने आई जब पुलिस गुमशुदगी की शिकायत की जांच कर रही थी। सुरागों के बाद, पुलिस ने पाया कि तांत्रिक मोहम्मद शफी ने मानव बलि देने के लिए एक कपल का ब्रेनवॉश किया और उन्हें आर्थिक लाभ मिलने का वादा किया। यह उनकी दूसरी शिकार थी, जबकि पहली शिकार एक अन्य महिला थी जिसे जून में मार दिया गया था।

## ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी जमुनहा को प्रार्थना पत्र देकर,राप्ती नदी बैराज से जोगिया तक बांध निमार्ण कराने को किया मांग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा श्रावस्ती - जमुनहा क्षेत्र में राप्ती नदी में आई बाढ़ नदी के पश्चिमी तरफ विकास खण्ड जमुनहा तहसील समेत भरथा, गजोवरी, कथरा माफी, बीरपुर लौकिहा, पटना बीरगंज, मुरचहवा, भेलागांव, मोगला, गनेशपुर, रमवापुर, हरिहरपुर महाराज नगर, पिपरहवा जोगिया, लक्ष्मनपुर सेमरह्लिया, दुर्गा धूम बोझी, तक ग्रामीणों ने राप्ती नदी के पश्चिम तरफ बंधे का निमार्ण कराने की मांग प्रसाशन से किया । अगर बंधे का निमार्ण नही कराया गया तो इन गांवों का धन जन हानि होगी उस पार बंधा होने के कारण 8 फुट पानी आदि गांवों के अंदर लगा था जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया और तमाम से ग्रामीणों के जानवर मृत्यु होने के बाद बह गए । यदि प्रशासन द्वारा उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में नही दिया गया तो या बंधे का निमार्ण नही कराया गया तो इससे भारी संकट आ सकता है और जन जीवन अस्त व्यस्त हो सकता है ।

पटमेश्वरी पाठक, खेम राज पाठक, श्यामता पाठक, रुद्रसेन वर्मा, रामू हिंदुस्तानी, प्रहलाद सिंह, प्रमोद कुमार, गुरदीन वर्मा, अजय कुमार, फूल चंद राम राज, कैलाश नाथ, सुरेश जायसवाल, राम कुमार आदि लोगों ने मांग किया है ।

## बाढ़ पीड़ितों को लन्च पैकेट में अनिमितता

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- बाढ़ पीड़ितों के लिए ठेकेदार द्वारा मानक विहीन लन्च पैकेट बाट कर माला माल हो रहे है, ठेकेदार द्वारा लन्च पैकेट में लगभग 20- 20 ग्राम की 9 पूरी, 50 ग्राम आलू की सब्जी, लन्च पैकेट में कर बाढ़ पीड़ितों को वितरण किया जा रहा है, जिसमे आलू की सब्जी दुर्गंध दे रही है और खाने वाले उसको फेक दे रहे है, बाढ़ पीड़ितों के खाने का निवाला ठेकेदार स्वंय हजम करके सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे है, जिसकी शिकायत बाढ़ पीड़ितों ने तहसीलदार जमुनहा से किया । तब एवंउन्होंने शुद्ध लन्च पैकेट देने के लिए ठेकेदार को डाटा और कहा कि यदि शुद्ध खाना नही दोगे तो भुकतान रोक दिया जाएगा ।

## नगर में प्रशिक्षण वर्ग वैठक का आयोजन





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी 卐सोनू भइया卐 के नेतृत्व में खुटार पूरनपुर मार्ग पर स्थित आशीर्वाद पैलेस में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग बैठक में तमाम भाजपा पदाधिकारी, कई कार्यकर्ता एकत्र हुए, जिसमें जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने युवाओं को प्रशिक्षण वर्ग के तहत संबंधित कई उपयोगी जानकारियां दी, इस तहत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी पूंजी है राज्य मंत्री साकेत मिश्रा


प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- लक्मननगर श्रावस्ती!जिले में राप्ती अपना कहर दिखा रही है,हजारो लोग बेघर हो गए है,श्रावस्ती प्रशासन बचाव राहत कार्य मे जुटा ही है,लेकिन जनप्रतिनिधि भी श्रावस्ती प्रशासन के साथ युध्य स्तर मुस्तेजी के साथ खड़े है,साकेत मिश्रा सलाहकार पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकर्ताओं के द्वारा मानवता सेवा ही धर्म है की भावना के साथ डोर टू डोर जाकर बाढ़ प्रभावित लोगो को जीवन यापन की हर सुविधा उपलब्ध करा रहे है,दिन हो या रात इनके हौसले को प्रभावित नही कर सकी,टीम के सदस्य राहुल शुक्ला ने बताया कि,राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार साकेत मिश्रा के निर्देशन में हमारी टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर यथा सम्भव राहत सामग्री पंहुचा रही है,हमारी टीम श्रावस्ती तथा बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित प्रभावित क्षेत्रो में जीवन उपयोगी हर चीज की व्यवस्था कर रही हैं,हमारी कोशिश है,कि हम लोकसभा श्रावस्ती में किसी को भूखा न सोने दें,उन्होंने सभी जनमानस से अपील की किसभी भेद भाव भूला कर लोगो की अपने सामर्थ्य अनुसार मदद करने की अपील की द्य

## रौतापुर का मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक व थाना क्षेत्र के ग्राम रौतापुर में शाहजहांपुर पलिया हाईवे से ग्राम की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है, जगह-जगह बरसात का पानी भरा हुआ है,

ग्रामवासियों को व अन्य आने जाने वालों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, सड़क में हो चुके गहरे गड्ढों में कई बार बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है, जबकि ग्राम में जनप्रतिनिधि लगातार आते जाते रहते हैं, लेकिन किसी की भी निगाह खराब रास्ते पर नहीं पड़ रही है बरसात के कारण सड़क के बीचो-बीच बन चुके गड्ढों में बरसात का पानी भरा है, जिससे उधर से गुजरने वाले लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

## थानाध्यक्ष अतुल ने कहा हमारा प्रयास मौके पर हो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हल्का इंचार्ज कर रहे हैं बेहतर कार्य

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बबुरी।--जनपद के होनहार दरोगाओं में शुमार थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार के द्वारा थाना परिसर में नित्य प्रति दिन बैठक आयोजित करके फरियादियो की फरियाद सुनने का कार्य कर रहे है।इस दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि आपके समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अतुल ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि मौके पर ही प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो सके जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।ज्ञात हो कि थानाध्यक्ष के फुट पेट्रोलिंग,व औचक वाहन चेकिंग से थाना क्षेत्र काफी शांत चल रहा है।जिसकी सराहना कप्तान अंकुर अग्रवाल व खुद स्थानीय जनता भी कर रही है।थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक स्तय नारायण शुक्ला,उप निरीक्षक विजय बहादुर सिंह,हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र पाण्डेय, कांस्टेबल गौरव,कृष्णा,पुष्पेंद्र,अखिलेश आदि रहे।

## नगर निगम धनीपुर वार्ड नंबर 36 मोहन नगर धनीपुर होली गेट चौराहे के आसपास की रास्ता उनको बनवाया जाए- राकेश कुमार सिंह


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगर निगम वार्ड नंबर 36 धनीपुर समस्त मोहल्लों का पहले दौरा कर चुके हैं जन समस्याएं काफी सामने आएंगे उन समस्याओं के बारे में नगर निगम को लिखित में पहले दिया जा चुका है धनीपुर मोहल्ला मोहन नगर धनीपुर होली गेट चौराहा खटीकन मोहल्ला की रास्ता खराब पड़ी है इनको बनवाने के लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है माननीय मुख्यमंत्री जी का सख्त आदेश है किसी भी क्षेत्र में कोई रास्ता विकास कार्य से वंचित न रह पाए यह प्रशासन को आदेश है विकास कार्य के आड़ में जनता का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नगर निगम को चेतावनी दी जा रही है धनीपुर मोहन नगर अन्य क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट अतिशीघ्र लगवाएं लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## नगर स्थित माँ पँथवारी मंदिर की सड़क निर्माण हेतु स्वीकृत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- खुटार बण्डा मार्ग से नगर के प्राचीन माता पँथवारी धाम से होते हुए तिकुनियाँ चौराहे तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी थी, उधर आने जाने वाले श्रद्धालुओं व राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था समस्या को देखते हुए आदर्श नगर पंचायत खुटार के अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने क्षेत्रीय विधायक चेतराम एवं पी0 डब्लू0 डी0 मंत्री श्री जितिन प्रसाद जी को पत्र लिखकर सड़क बनवाये जाने की मांग की, जिसको संज्ञान में लेते हुए पी डब्ल्यू डी से खुटार बंडा रोड से बालाजी राइस मिल होते हुए मां पँथवारी धाम से तिकुनिया तक जाने वाली सड़क स्वीकृत कर दी गई है, माननीय मंत्री जी ने निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान कर दी, आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि विधायक निधि से बजट स्वीकृत हो गया है जल्दी सड़क का मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा जिस से उधर से गुजरने वाले राहगीरों एवं मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।

# मुरादाबादः कारोबारी को हनीट्रैप में फंसाकर युवती ने 40 लाख ऐंठे, अब 50 लाख मांग रही

मुरादाबाद-दिल्ली में कारोबार करने वाले मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी कारोबारी ने एक युवती और दो महिलाओं समेत पांच नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर कारोबारी को हनीट्रैप में फंसाकर चालीस लाख रुपये ऐंठ लिए। अब दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने यह केस दर्ज किया है सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला चंद्र नगर निवासी विक्रम कथूरिया दिल्ली के ईस्ट अर्जुन नगर में कारोबार करते हैं। विक्रम ने दिल्ली के आनंद विहार निवासी सोनिया अरोड़ा, झिलमिल कालोनी निवासी मोनिका, उसके पति दीपक राठौर, दिल्ली के ही कृष्णा कुंज निवासी सुशील कुमार और उसकी पत्नी सुशीला व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विक्रम के अनुसार उसका दिल्ली कोर्ट में पत्नी से तलाक का केस चल रहा है। उसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी सोनिया अरोड़ा से हुई थी। सोनिया ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का प्रस्ताव रख दिया। बाद में सुशील कुमार, दीपक राठौर, सुशीला और मोनिका ने मिलकर उसके ऊपर सोनिया से शादी करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब कारोबारी लिव इन में रहने लगा तो मंदिर में उसकी शादी करा दी। इसके लिए बाकायदा सोनिया ने लिखित में शपथपत्र भी दिया। शादी के बाद सोनिया रुपयों के लिए दबाव बनाने लगी। अन्य आरोपी भी रुपयों की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने और एनकाउंटर कराने की धमकी देने लगे। डरा धमका कर आरोपियों ने कारोबारी से 30-40 लाख रुपये वसूल लिए। दो बार मुरादाबाद आकर आरोपी बीस लाख और दस लाख रुपये की रकम लेकर गए। कारोबारी के अनुसार अब आरोपी उससे पचास लाख रुपये की और मांग कर रहे हैं। शिकायत करने पर पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो कोर्ट में अर्जी लगा दी। जहां से एफआईआर का आदेश हुआ। एसएचओ सिविल लाइंस गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ए0डी0एम0 सिटी की अध्यक्षता में पी0ई0टी0 परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद- आज पंचायत भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर श्री अलोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में यू0पी0एस0एस0एस0सी0 द्वारा आयोजित पी0ई0टी0 परीक्षा जोकि 15 व 16 अक्टूबर 2022 में जनपद मुरादाबाद में 55 केन्द्रों पर आयोजित उसकी तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत हुई। इस बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों को अपर जिलाधिकारी नगर ने निर्देश दिये कि अभ्यर्थियों की जांच हर स्तर पर कुशलता से की जाये। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि अगर उनकी कोई लोकल परीक्षा 15 व 16 अक्टूबर 2022 में पड़ रही हो तो उस परीक्षा को अन्य किसी तारीख पर शिफ्ट कर दें। कार्यदायीं संस्थाएं अपनी जिम्मेदारियों को बाखूबी निभायें। एडीएम ने बताया कि जनपद में लगभग 109000 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, इस पर उन्होंने रोडवेज के अधिकारी को निर्देश दिये कि परीक्षार्थियों की भीड़ के चलते अतिरिक्त बसों को मुहैया करायें जिससे परीक्षा अपने गन्तव्य पर सकुशल पहुंच सके। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्टेज्ट व कार्यदायीं संस्था बी0,सी0 के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# खूनी गोविंद नगर क्रासिंग ने बुझा दिया एक और चिराग

मुरादाबाद-कटघर थाना क्षेत्र में खूनी गोविंद नगर क्रासिंग ने एक और परिवार का चिराग बुझा दिया। वह ड्यूटी करने के लिए फर्म जा रहा था। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शव देखकर माता-पिता बेहोश हो गए। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। ट्रेन की चपेट में आने से जान गंवाने वाला हर्ष बंसल पुत्र आशीष बंसल कटघर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर का रहने वाला था। तीन बहनों शिल्पी, चारू व दिव्या के बीच वह इकलौता भाई था। हर्ष बंसल कटघर स्थित एक निर्यात फर्म में काम करता था। पिता आशीष बंसल लकवा के मरीज हैं। हर्ष पर ही परिवार चलाने की जिम्मेदारी थी। आशीष बंसल के मुताबिक बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बेटा ड्यूटी के लिए निकला था। रेलवे क्रासिंग पर दोनों साइड से ट्रेन आने से वह चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हर्ष बंसल की मौत से मां ऋतु बंसल का बुरा हाल है।

### गम में बदलीं शादी की तैयारियां की खुशियां

मुरादाबाद। हर्ष बंसल की उम्र करीब 24 साल के आसपास थी। रिश्ते की बात करीब-करीब फाइनल हो चुकी थी। परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच हर्ष बंसल की मौत ने शादी की तैयारियों को मातम में तब्दील कर दिया। माता-पिता के अलावा तीनों बहनों का बुरा हाल था।

### दर्जनों लोगों की जान ले चुकी खूनी रेलवे क्रासिंग

मुरादाबाद। गोविंद नगर की खूनी क्रासिंग दर्जनों लोगों की जान ले चुकी है। पिछले दिनों क्रासिंग पर एक युवक की बाइक फंस गई थी। बाइक को बचाने में युवक ट्रेन की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया था। ट्रेन की टक्कर से बाइक दो हिस्सों में बंट गई थी।

# दलितों पिछड़ों व वंचितों के मसीहा थे नेताजी- राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षामंत्री धरतीपुत्र मुलायम सिंह के निधन पर उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी, हर कोई अपने प्रिय नेता को खोने से दुखी है। जनपद के युवा हिंदूवादी नेता एवं भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्या धरतीपुत्र मुलायम सिंह के निधन से बहुत दुखी हैं, राजू आर्या नेताजी को अपनी किडनी देने का ऐलान कर चुके थे तथा अपनी किडनी देने के लिए गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल पर भी पहुंच चुके थे, लेकिन इससे पहले ही आज सुबह धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की मृत्यु हो गई। नेताजी के निधन होने पर राजू आर्या ने कहा कि आज दलित-पिछड़ों एवं गरीबों ने अपने मसीहा को खो दिया, नेताजी ने दलित-पिछड़ों के उत्थान के लिए जीवन-भर संघर्ष किया और उनके लिए हर क्षेत्र में रास्ते खोल दिए जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य व व्यवसाय में आज दलित-पिछड़ों की उपस्थिति देखी जाती है, ऐसा नेता अब दलित-पिछड़ों को मिलना मुश्किल है नेताजी की कमी हमेशा महसूस करेगा देश। नेताजी ज़मीन से जुड़े नेता थे इसीलिए उन्होंने हमेशा किसानों गरीब दलित-पिछड़ों के हक की आवाज को बुलंद किया और जब मुख्यमंत्री बने तो हर क्षेत्र में दलित-पिछड़ों को बराबरी पर लाकर खड़ा किया, राजनीति में उनका योगदान स्वर्णिम है।

## मांस से भरी पिकअप पकड़ी तीन आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद-थाना डिलारी में मांस से भरी पिकअप बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुरादाबाद के असलतपुरा निवासी तंजीम पुत्र शफीक, ठाकुरद्वारा निवासी लाइक पुत्र जमील मोहम्मद, शरीफ पुत्र अब्दुल हाफिज पिकअप में करीब दो क्विंटल मांस व अवशेष लेकर ठाकुरद्वारा जा रहे थे। चेकिंग के दौरान मुरादाबाद-काशीपुर हाईवे स्थित पुलिस चौकी जलालपुर के पास पुलिस ने पिकअप पकड़ ली। थाना प्रभारी डिलारी सुनील कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# रेलवे में पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेल कर्मियों की भूख हड़ताल




मुरादाबाद-आल इंडिया रेल फेडरेशन के आह्वान पर बुधवार को रेल कर्मचारी भूख हड़ताल पर रहे। मुरादाबाद मंडल में भी विभिन्न स्टेशनों और कार्यालयों के बाहर तमाम कर्मियों ने भूख हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया। एआईआरएफ ने देश भर में एक दिन की भूख हड़ताल का ऐलान किया था। बुधवार को मुरादाबाद में नार्दन रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) के मंडल पदाधिकारी और कर्मियों ने भी विरोध जताया। मंडल में रेलवे स्टेशन, अस्पताल समेत तमाम ब्रांचों में कर्मचारी आज एक दिन की भूख हड़ताल पर रहे। मंडल सचिव राजेश चौबे व अध्यक्ष मनोज शर्मा के अनुसार संगठन ने कई मांगों को लेकर एआईआरएफ ने एक दिन की भूख हड़ताल का आह्वान किया है। इसके कारण तमाम कर्मचारी आज हड़ताल पर रहे और विरोध जताया। रेलवे में निजीकरण बंद करने, खाली पदों को भरने समेत पांच प्रमुख मांगें हैं। धरना स्थल पर कुंवर खालिद, आइवन एडीशन, एके सिंघल, सुनील शर्मा, दीपक, जयपाल, राजपाल,दिनेश कुमार, राजकुमार,सोनू,शनि गौतम, रजा हुसैन, संजीव, दलजीत,रामरती, मीना ,पुष्पेंद्र गौड़,चेतन, सुभाष आदि रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Nobel of economics

Today, when the threat of economic recession is looming over the world and governments from America to Europe and South Asia are scrambling every day to avoid it, Ben Bernanki, three deep scholars in the banking sector and American economists, The importance of winning this year's Nobel for Economics can be understated by Douglas Diamond and Philip Dibwig. The role of banks and financial institutions behind the economic slowdown is no longer a secret. We have not forgotten how in 2008, after the bankruptcy of one of America's largest financial institutions, Lehman Brothers, banks and financial organizations collapsed one after the other and economies around the world faced a huge crisis. . In such a situation, the work of these three economists is very important, which tells how big is the role of banks during a crisis and what steps should be taken to save them from collapse. It was no coincidence that India survived the 2008 economic downturn to a great extent. In fact, then the reins of the country were in the hands of an economist Prime Minister, who had also been the Governor of the Reserve Bank of India and was aware of the role of the banking sector in dealing with any such situation. The Manmohan Singh government then immediately announced a stimulus package of Rs 30,700 crore, and made all other budgetary provisions. Economist Ben Bernanki also says that a major reason for the global Great Depression that came in the third decade of the last century was not only the lack of stimulus policy, but also the collapse of banks. Banks lacked such policies to ensure productive use of the loans given to them. This policy lapse not only caused serious damage to the economies, but also extended the period of recession. While Bernanki explains the aftermath of the banks' failure, Diamond-Dibwig explains why the banks collapsed. According to Diamond-Dibwig, the bank had failed to restore the confidence of the depositors, so what was rumored of their condition worsening, the account holders ran to the banks together to withdraw their deposits. Since the banks had given loans for a long period, they were not able to recover immediately. This policy mismanagement sank his booty. The prestige and relevance of the Nobel Prize are still intact, so a big reason for this is that the contribution of its honorees has been huge in terms of future betterment. These respected people, whether associated with science, economics, literature or world peace, have worked to show the way to tantra and humanity. Undoubtedly, the Nobel Prizes are also not beyond controversies and criticisms, but in recent years there has been a lot of commentary on many Nobel Prizes, but in a democratic world such criticisms, such discussions should be welcomed. However, what these three economists have said are very important for the financial system and will certainly help economies around the world from their establishments.

# Amitabh Bachchan's family does not celebrate birthday by cutting cake in English style, Jaya told the custom

To make Amitabh Bachchan's birthday special in Kaun Banega Crorepati, his wife Jaya Bachchan and son Abhishek Bachchan had reached the show. The promo of the show was arousing interest among the people for several days. While Abhishek appeared as the host in the episode, Jaya Bachchan was on the hot seat. He pulled Big B's leg, shared some emotional moments as well as told some traditions of his family. The interesting thing is that the appearance of Abhishek and Jaya was kept secret. Amitabh Bachchan did not know about this. Abhishek Bachchan shared the BTS video of the preparation and told that a lot of preparation was done for this episode. In the October 11 episode of Jaya Bachchan Khilai Laapsi – Kaun Banega Crorepati, Abhishek Bachchan and Jaya Bachchan had a surprise entry. It was the birthday special episode of Amitabh Bachchan. In the show, Jaya Bachchan fed Lapsi, the popular dish of Uttar Pradesh, to Big B. Also told that there is no custom of cutting bread cake in their place. Jaya Bachchan says, we do not sing birthday songs in our family. Don't cut the cake... Hindustani sweets eat milk cake. Big B's mother-in-law gave a message - In the episode, Jaya pulled Amitabh Bachchan's leg. She says, I have not seen but heard that when you are impressed by someone's work, you send flowers to them. send letter. By the way till date never sent me. Amitabh Bachchan's mother-in-law also blessed him and said, I love to see you, come for a day. Amitabh Bachchan cried several times in the episode. First of all, when Abhishek Bachchan hit a surprise entry, Big B became emotional. At the same time, pictures of daughter Shweta Bachchan's daughter-in-law were shown, even then Amitabh Bachchan could not stop tears. Amitabh Bachchan-Abhishek expressed their feelings through poetry and said, I promise you that whenever there is any sorrow or pain in your life, this son of yours will become your lifeline. Hearing this, Amitabh Bachchan cried and Abhishek also became emotional.



# Mani Ratnam's condition deteriorated in front of PS1, earning a lot in 12 days

Mani Ratnam's film 'Ponniyin Selvan 1' has gained momentum at the box office like a bullet train. This film has set a new record one after the other. The special thing is that Aishwarya Rai and Chiyan Vikram's PS-1 is getting a lot of love from the audience in India as well as abroad. From Singapore to Germany and the US, this historical film made on the Chola Empire is being well-liked by the audience. According to the tweet of Lyca Productions, the film proved to be a blockbuster at the Tamil box office and the world wide will soon recover its budget from Mani Ratnam's film. PS-1 earned so many crores in 12 days at the Indian box office - Mani Ratnam's film 'Ponniyin Selvan 1' is doing good business worldwide, but the film's pace is not taking the name of slowing down at the Indian box office. . PS-1 Where the film has so far earned 408.4 crores around the world, PS-1 did a business of about 224.59 crores at the Indian box office, where the total collection of PS1 released in Hindi language was 19 crores. While in Tamil, the film earned about 184.3 crores. The film earned around 6.64 crores in Malayalam and around 14.55 crores in Telugu. The box office clash of Aishwarya Rai starrer film PS-1 was with Hrithik Roshan and Saif Ali Khan starrer Vikram Vedha. This film has overtaken not only Vikram Vedha, but also Prabhas's film 'Bahubali 2', this film will also recover the budget on its film at the box office. Mani Ratnam's Ponniyin Selvan is made in two parts. The film is an adaptation of Kalki Krishnamurthy's novel Ponniyin Selvan.



# चमकरी-जलूखेड़ा में 100 बीमार, 55 की हुई जांचें

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-चमकरी व जलूखेड़ा में महिला और बच्ची एलाइजा जांच में डेंगू पॉजिटिव आए थे। मंगलवार को दोनों स्थानों पर स्वास्थ्य टीमें पहुंचीं। दोनों गांवों में 100 बीमार मिले हैं। टीमों ने इन स्थानों पर लगभग 55 बीमारों की डेंगू व मलेरिया की जांच की। जांच में कोई पॉजिटिव नहीं निकला है। जिला मलेरिया अधिकारी लोकमन सिंह ने बताया कि मंगलवार को ब्लॉक शीतलपुर के गांव चमकरी में एमएमयू स्वास्थ्य टीम, मलेरिया टीम को भेजा गया। टीम ने घर-घर जाकर सर्वे किया। सर्वे के दौरान मलेरिया निरीक्षक ओमना यादव व प्रीती ने बीमारों की स्थिति को देखा। साथ ही घरों में मच्छरों के लार्वा की स्थिति भी देखी। सर्वे के दौरान मलेरिया निरीक्षकों ने मनोज कुमार के घर में लार्वा होने की बात कहीं। यहां रामकली डेंगू पॉजिटिव निकली है। घर में दो-तीन लोग बीमार हैं। इनका उपचार शहर में डा. निर्मल जैन के यहां होना बताया गया है। रामकली के पुत्र मनोज कुमार ने भी बताया कि उनके घर के रीतू, गौरव और सुमन की प्राइवेट पैथोलॉजी में जांच कराई। जांच में उनको डेंगू एनएस-1 पॉजिटिव आया है। इसके बाद प्राइवेट चिकित्सक से उपचार करा रहे हैं। गांव में एमएमयू स्वास्थ्य टीम चिकित्सक डा. विक्रांत, एलटी रोहित कुमार, फार्मासिस्ट ललित कुमार, पायलट शिवम ने लगभग 44 बीमारों को उपचार दिया है। साथ ही 34 मलेरिया और 4 डेंगू की जांच की है। जांच में सभी नेगेटिव आए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि एनएस-1 पॉजिटिव जांच को कन्फर्म नहीं कह सकते। ऐसे मरीजों की एलाइजा जांच कराते हैं। जांच में इस परिवार में एक महिला डेंगू पॉजिटिव निकली है। चमकरी की आशा राजरानी ने बताया कि ग्राम पंचायत की चार हजार की आबादी है। उसमें चमकरी में 3500 और नगला जसराम में 500 लोग रहते हैं। उन्होंने बताया कि गांव में सफाई की स्थिति ठीक है। डेंगू पॉजिटिव निकली महिला के घर में ही तीन अन्य लोग बीमार हैं। उन्होंने बताया कि गांव में मंगलवार को स्कूली छात्र-छात्राओं ने संचारी रोग नियंत्रण को रैली निकालकर जागरूक किया।

# बारिश से मेडिकल कॉलेज में डिजिटल एक्सरे मशीन बंद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में भी बारिश का असर देखने को मिला। बारिश की वजह से डिजीटल एक्सरे मशीन तीन दिन से बंद पड़ी है। जांच को लगे कम्प्यूटर सहित अन्य उपकरण पानी आने से संचालित नहीं हो पा रहे हैं मेडिकोलीगल को एक्सरे कराने आए मरीज लौट गए। जिले में लगातार चार-पांच दिन से तेज बारिश हो रही है। इसकी वजह से मेडिकल कालेज के पुराने भवन में लगी डिजिटल एक्सरे रूम में छत से पानी टपक रहा है। बारिश का पानी टपकने के कारण डिजिटल एक्सरे मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है। स्टाफ ने बताया कि जांच को लगे कम्प्यूटर के सीपीयू में बारिश का पानी चला गया है, जिसकी वजह से चल नहीं रहा है। कम्प्यूटर न चलने की वजह से डिजिटल एक्सरे नहीं हो पा रहे है। एक्सरे बंद होने की वजह से मेडिकोलीगल कराने आने वाले मरीज लौटने को विवश है।

# अपहृत बच्चे को 4 घंटे में किया बरामद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-2 साल के मासूम बच्चे के अपहरण के बाद 04 घंटे के भीतर पुलिस ने अपहृत मासूम बच्चे को किया बरामद, कल शाम 5 बजे पड़ोस के रहने वाले 27 वर्षीय युवक संतोष ने किया था मासूम बच्चे का अपरहरण, पुलिस को परिजनों ने आज सुबह 9 बजे बच्चे के अपहरण की दी थी सूचना, स्स्कउदयशंकर सिंह के निर्देश पर सीओ सिटी राजकुमार सिंह व तेज तर्रार एसएचओ कोतवाली नगर डॉ0 सुधीर कुमार सिंह राघव और पटियाली चौकी प्रभारी स्ह्र रीतेश ठाकुर सहित पुलिस टीम ने बच्चे को सकुशल बरामद कर अपहृत बच्चे को परिजनों को सौंपा,

एटा कोतवाली नगर पुलिस ने शिवसिंहपुर बाईपास के पास से अपहृत बच्चे को 4 घंटे में किया बरामद।

# किशोरी को जबरन खींच ले गए खेत में

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज- खेत पर जा रही किशोरी को चचेरे भाई के सामने आरोपी जबरन खेत में खींच ले गए। पीड़िता के साथ छेड़खानी की। चीख-पुकार मचाने पर आरोपियों ने पिटाई भी की। बचाने आए पिता पर भी हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पिता ने चार आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कराई है। कोतवाली अलीगंज के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार शाम को बेटी भतीजे के साथ खेत पर जा रही थी। टावर के पास पहुंची। वहां शिवराज, सरित, करन सिंह निवासी मोहम्मद नगर बझेरा अलीगंज व एक अन्य साथी आए और उनकी बेटी को पकड़ लिया। छेड़खानी करते हुए खेत में अंदर खींचकर ले जाने लगे। चीख-पुकार मचाने पर आरोपियों ने लाठी-डंडा, तमंचा की बट से बेटी पर हमला कर दिया। बचाने के लिए किशोरी के पिता भी पहुंचे। उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। अन्य लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पिता-पुत्री को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद, एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घर में घुसकर छेड़खानी का मामला दर्ज किया- एटा। थाना बागवाला के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि तीन अक्तूबर को राहुल निवासी खडौआ बागवाला और उसके साथी ने घर में घुसकर उनकी पत्नी के साथ छेड़खानी की। आवाज लगाने पर आरोपी छत से कूदकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## 15 वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-15 वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद, पुलिस अधीक्षक ,फोरैन्सिक टीम और डॉग स्क्वायड सहित मौके पर पहुंचे। कासगंज।थाना गंजडुंडवारा के अन्तर्गत ग्राम नूरपुर निवासी दुर्वेश पुत्र पोप सिंह जो गांव ढ्2 जाकर ट्रैक्टर से आटा पीसने का काम करता था कल संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया , गांव के लोगों और स्थानीय पुलिस द्वारा खोज बीन के बाद दुर्वेश का शव गांव ढकयाई के पास बाजरे के खेत से बरामद हुआ , घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति भी मौके पर पहुंच गए तथा डांग स्क्वैड और फोरैंसिक टीम को आवश्यक निर्देश दिए। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम केलिए भेजने की सूचना प्राप्त हुई है।

# गया बालक का शव बम्बा के पानीपैंठ में तैरता मिला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नूहंखेडा- पैंठ में भाइयों के साथ गया बालक लापता हो गया। तलाश के दौरान बालक का शव सड़क किनारे बंबा में पानी में पड़ा मिला। बच्चे की गर्दन पर चोट के निशान हैं। उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जानकारी में जुट गई है। कोतवाली जलेसर के गांव खेरिया सुरजीत निवासी जतिन ( 12 ) पुत्र भूपेन्द्र पाल सिंह बड़े भाई अजय, अमित के साथ बाइक से निधौली कलां के गांव दलशाहपुर स्थित पशु पैंठ में शामिल होने गया था। भाई जतिन को बाल कटवाने के लिए नाई की दुकान पर छोड़कर भट्ठे पर किसी जरूरी काम के लिए चले गए थे।लौटने पर बालक नहीं मिला। भाइयों ने घरवालों को सूचना दी और बालक को तलाश किया। बताया जा रहा है कि गांव से एक किलोमीटर दूर नूहखांस-खेड़िया के बीच में बंबा के किनारे पानी में बालक का शव मिला। बालक के गले पर चोट के निशान है। बताया जा रहा है कि परिवार की रंजिश भी नहीं है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव 0कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसएचओ जगदीश चन्द, इंस्पेक्टर क्राइम सत्यवीर सिंह फोर्स के साथ मौके पर है और घरवालों से वार्ता कर रहे है। ्5बालक भाइयों के साथ पैंठ में गया था।

वही से लापता हो गया था। घरवालों को तलाश के दौरान शव मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति ओर साफ हो जाएगी।- -धनंजय सिंह कुशवाह,एएसपी एटा

# बारिश से चार स्थानों पर गिरे मकान, नीचे दब गया सामान

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अलीगंज/सकीट- अलीगंज के ग्राम अमरौली में एक कच्चा मकान गिर गया। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मयंक राजपूत का बारिश के चलते रविवार को सुबह भरभराकर गिर गया। इस मकान में खाने पीने के मक्का गेहूं रखा था। वहीं भूसा रखा था जो दबकर बेकार हो गया। लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त है। अलीगंज के गांव भदकी निवासी प्रेम प्यारी का पक्का मकान गिर गया। जैथरा के गांव लालपुर जहांगीराबाद में मकान गिरने से शिवांगी पुत्र अनिल घायल हो गई। वहीं सकीट के मोहल्ला उरहना में मकान गिर गया। इसमें परिजन बाल-बाल बच गए। मकान गिरने वाले स्थानों का राजस्व विभाग की टीमों ने निरीक्षण किया है।

# पंचायत कार्यालय महुली में खुलेआम तेंदूपत्ता संग्राहक से किया जा रहा है अवैध वसूली

## ग्रामीणों द्वारा किया गया विरोध तो ऑपरेटरों द्वारा दिया धमकी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर-सुरजपुर वनमंडल के चांदनी बिहारपुर अंतर्गत आने वाले तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का ई-केवाईसी किया जा रहा हैं। नाम एंट्री करने के एवज में सीएससी संस्था के आपरेटर प्रत्येक परिवार से 20 से 50 रुपये की वसूली कर रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का नाम ई-केवाईसी करने व संख्या जानकारी लेने के उद्देश्य से हितग्राहियों को डाटा एंट्री कराया जा रहा है। वनमंडल स्तर पर प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियो के प्रबंधको, फड़मुंशी आदि को प्रचार प्रसार के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। उक्त सर्वेक्षण कार्य में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया एवं उनके आश्रितों की संपूर्ण जानकारी संधारित किया होना है। आनलाइन डाटा बेस के माध्यम से तेन्दूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान, बोनस भुगतान महेंद्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना, समूह बीमा योजना एवं संग्राहक परिवार को बच्चों दी जाने वाली छात्रवृत्ति राशि जैसे योजनाओं का इससे लाभ मिलेगा। एंट्री कराने के लिए किसी तरह का शुल्क नहीं लेना है। इसके बाद भी डाटा एंट्री आपरेटर द्वारा धमकी दिया गया कि आप पैसा नहीं देंगे तो हम आपका डाटा उड़ा देंगे और कभी नहीं हो पाएगा इसके डर से तेंदूपत्ता संग्राहक द्वारा पैसा दिया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत महुली








प्रत्येक परिवार से 20 से 50 रुपये की वसूली कर रहे थे। ग्राम पंचायत महुली के ग्रामीणों द्वारा जब विरोध किया गया तो सीएससी के ऑपरेटरों कछवारी, रामगढ़, उमझर,कोल्हुआ,चौगा,मोहरसोप सहित बिहारपुर समिति क्षेत्र में इस तरह की अवैध वसूली की गई।

# प्रेस क्लब सह वाचनालय भवन का निर्माण 30 नवंबर तक पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज नगर पंचायत पेंड्रा के विद्यानगर में निर्माणाधीन प्रेस क्लब सह वाचनालय भवन एवं पंडित माधव राव सप्रे की प्रतिमा स्थापना के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने पूरी गुणवत्ता के साथ 30 नवंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री शरद श्रीवास्तव को दिए। उन्होंने भवन के बाजू में रिक्त स्थान पर पार्क बनाने, सप्रे जी की प्रतिमा स्थापित करने तथा फेंसिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होने मौके पर उपस्थित पेंड्रा नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री राकेश जालान से शहर में चल रहे विभिन्न कार्यों के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार पेंड्रा श्री प्रफुल्ल रजक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कन्हैयालाल निर्मलकर भी उपस्थित थे।

# योगी सरकार में आश्रम की जमीन पर अवैध कबजा चाहता है माफिया




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार ,शाहजहांपुर- नगर के तिकुनियाँ स्थित रामचन्द्र मिशन आश्रम लगभग 40 वर्षों से संचालित है, जिस पर बुझिया गांव निवासी प्रेम सागर वर्मा उर्फ गुड्डू के द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है, तिकुनियाँ निवासी नागरिकों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर अवैध कब्जेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि बुझिया गांव निवासी प्रेम सागर वर्मा के द्वारा साल 2019 में अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया था, जिस की शिकायत डीएम शाहजहांपुर से की गई थी, जिसके बाद तहसीलदार पुवायां ने मौके पर जांच कर अवैध कब्जा हटवा दिया था,

लेकिन माफिया की नजर आश्रम की जमीन से नही हटी और उसने दोबारा आश्रम की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया, हाल ही में नागरिको ने आश्रम की शिकायत के लिए नगर पंचायत से सफाई कर्मचारी बुलाये तो अवैध कब्जेदार ने उनसे गाली गलौज की और सफाई करने से मना कर दिया, जिसके बाद नागरिको ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है, जबकि योगी सरकार भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त है,और अवैध कब्जा जमीनो पर बुल्डोजर चला कर कठोर कार्यवाही भी कर रही है। लेकिन भय न रखने वाले माफिया अवैध कब्जा करने से बाज नही आ रहे है नागरिको ने बताया कि इस मामले में एक वाद न्यायालय में विचाराधीन है लेकिन अवैध कब्जेदार जबरन जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराना चाहता है।

# बसनारा में दिनदहाड़े गांव में निकला बहरा देव नामक हाथी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-सूरजपुर जिले के चांदनी बिहार पुर क्षेत्र में पहले से ही 15 हाथियों का दल विचरण कर रहे थे कि आज लगभग शाम 4:00 बजे अचानक बाहर आते ही बहरा देव नामक हाथी बसनारा के बीच सड़क के गांव में आ गया जहां ग्रामीण काफी डरे हुए हैं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछिया में 15 जंगली हाथी पहले से डेरा डाले हुए हैं 5 दिनों से वही आज अचानक एक बहरा देव नामक का हाथी जंगल से निकलकर बसनरा में बीच सड़क में आ गया जहां ग्रामीण एकजुट होकर शोर करते हुए उसे जंगल की ओर भगा दिया है लेकिन ग्रामीणों को डर बना हुआ है कहीं रात में आकर उनके घर फसल को क्षति ना कर दे इसके बारे में तब बिहार पुर रेंजर मेवा लाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की कछिया में 15 जंगली हाथी बिचरण कर रहे हैं लगातार निगरानी किया जा रहा है और 5 किसानों का फसल भी क्षति की है उसका आकलन किया जा रहा है जो अभी अभी बसनारा गांव में एक हाथी आया है वह बहरा देव नामक हाथी है वन विभाग का टीम वहां भेज रहा हूं

# विधायक डॉ के के ध्रुव के मुख्य अतिथ्य में 4 दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- फिजीकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में 4 दिवसीय 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज रंगारंग शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मरवाही विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ केके ध्रुव और विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र पर माल्यापर्ण कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर आकर्षक वेश-भूषा में छात्र-छात्राओं ने लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। लोकनृत्यों की प्रस्तुति से मुख्य अतिथियों ने आनंदित होकर उन्हे नगद राशि से पुरस्कृत किया। शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के पांचों संभाग बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं सरगुजा के खिलाडियों ने नीले, पीले, आसमानी, केसरिया, सफेद, एवं गुलाबी ड्रेस में खेल ध्वज के साथ शानदार मार्च-पास्ट किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के निर्धारित नियमों एवं विधियों का निष्ठा पूवर्क पालन करने तथा देश एवं खेल के गौरव के लिए सच्चे खिलाड़ी भावना के साथ भाग लेने की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ध्वजोत्तोलन किया गया तथा खुले आसमान पर रंगबिरंगे गुब्बारे भी छोड़े गये। एथलेटिक्स प्रतियोगिता शासकीय फिजीकल कॉलेज पेंड्रा के मैदान में, जिम्नास्टिक प्रतियोगिता गुरूकुल के जिम्नास्टिक हॉल में और ताइक्वांडो की प्रतियोगिता ऑडिटोरियम हॉल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा में आयोजित की गई है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव, जिला पंचायत बिलासपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती हेम कुंवर एवं सदस्य सुश्री जानकी सरौटी, संगीता करसयाल, पुष्पेश्वरी तंवर, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरेला श्रीमती गंगोत्री राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह मरावी, श्री मनोज गुप्ता, श्री ओम प्रकाश गुप्ता, श्री प्रवीण, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यगण, जिला खेल अधिकारी श्रीमती सीमा डेविड, प्रशिक्षक एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।